>

Title: Need to ensure increased participation of women in higher education.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): आज पूरा देश जनसंख्या और जनसंख्या में पुरूष एवं महिलाओं के अनुपात को लेकर चिंतित है। हाल में की गई जनगणना-2011 में 1000 पुरूषों पर केवल 940 महिलाएं हैं। यह अनुपात अत्यंत गंभीर है। इससे भी ज्यादा गंभीर पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की शिक्षा दर है। जनगणना 2011 के अनुसार 65.46 प्रतिशत महिलाएं ही शिक्षित हैं, कुछ जिलों में तो 15 से 20 प्रतिशत महिलाएं ही शिक्षित हैं, जबकि 82.14 प्रतिशत पुरूष शिक्षित हैं। और भी चौंकने वाली बात यह है कि देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थानों में लड़कों के मुकाबले लड़कियों की शिक्षा औसतन अत्यधिक कम है। देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या को इन प्रतिष्ठित संस्थानों में केवल 20 प्रतिशत ही भागीदारी मिले यह चिंता का विषय है। मेरे द्वारा लोक सभा के पिछले सत्र में पूछे गए प्रश्न के जवाब में निम्नलिखित आंकड़े प्राप्त हुएः-

आई.आई.एम में 4.80ः1

आई.आई.टी. में 5.79ः1

आई.आई.आई.टी. में 5.72ः1

एन.आई.टी. में 4.50ः1

अतः मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि महिलाओं की उच्च शिक्षा दर में वृद्धि करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का कष्ट करें।